हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार,24 अप्रैल 2024

तापमान

अधिकतम 37.7 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

12 पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी करें पौधारोपण



12 तलवारबाजी प्रतियोगिता में मयंक ने किया शानदार



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार



**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने स्नेचिंग व बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों अजय पुत्र रणधीर व सोनू उर्फ तितली पुत्र चरणजीत निवासी हरि नगर, पानीपत को पुराना औद्योगिक क्षेत्र में गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों से स्नेचिंग की दो व बाइक चोरी की एक वारदात को खुलासा हुआ।

### दो बदमाशों ने ट्रक चालक से 10 हजार लूटे

**पानीपत।** पानीपत की चौटाला रोड पर मंगलवार की सुबह राजस्थान के चुरू निवासी ट्रक ड्राइवर रमेश कुमार के साथ दो बदमाशों ने हवाई फायर कर 10 हजार रूपये की लूट की। पुलिस को दी शिकायत में रमेश ने बताया कि वह सोमवार की रात को पानीपत पहुंचा था और चौटाला रोड पर धर्मकांटा पर अपना ट्रक खडा कर उसमें ही सो गया था। इधर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छोटे प्रयास से भविष्य में होंगे बदलाव

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला छावनी मे प्राचार्य डॉ.रोहित दत्त के मार्गदर्शन में प्लेसमेंट सेल ने स्नातक की डिग्री पूरी करने के तुरंत बाद उम्मीदवारों के लिए ,उनकी रुचि के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के व्यापक अवसर खोलें है। इसके अंतर्गत अपना पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्रों को नौकरी प्रदान करने के इरादे से कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई ।

### मानवी ने मिलिट्री स्कूल की परीक्षा की पास

बराडा। संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल की कक्षा छठी की होनहार छात्रा मानवी ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल का एंट्रेंस एग्जाम पास कर प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है । स्कूल प्राचार्या विरंदर कौर ने बताया कि कक्षा छठी कक्षा की छात्रा मानवी का दाखिला राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल बेलगाम कैंप. कर्नाटक में होगा। स्कूल मे पहुंची मानवी एवं उसकी माता ने इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय स्कूल शिक्षकों को दिया है।

### छीनाझपटी के आरोपियों को 5 वर्ष कैद

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र की जिला एवं सत्र न्यायाधीश अराधना साहनी की अदालत ने छीनाझपटी के आरोपी नवाब सिहं पुत्र जगदीश व साहब सिंह उर्फ काका पुत्र शीशपाल वासीयान तलहेडी जिला कुरुक्षेत्र को 5/5 वर्ष कारावास व 25/25 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है।

# एडमिशन के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट लिया तो 50 हजार रुपये का लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ शिक्षा विभाग की ओर से सरकारी के साथ प्राइवेट स्कूलों के लिए जारी किया गया फरमान

नए शिक्षा सत्र में एडमिशन के लिए अब सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में स्क्रीनिंग टेस्ट नहीं लिया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस सिलसिले में तुरंत आदेश जारी कर इस प्रक्रिया पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। आदेशों में साफ कहा कि अगर किसी ने भी स्कूल ने इसकी पालना नहीं की तो उस पर 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से आए आदेशों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। इसको लेकर सभी ब्लॉक एजूकेशन अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए हैं।

### बगैर टेस्ट के देना होगा दाखिला

दरअसल नए शिक्षण सत्र को लेकर इन दिनों स्कूलों में एडमिशन किए जा रहे हैं। शिक्षा विभाग को शिकायत मिली थी कि कुछ स्कूल बच्चों का स्क्रीनिंग टेस्ट ले रहे हैं, जो नियमों के विपरीत है। इसको देखते हुए विभाग की ओर से इस आशय का लेटर जारी किया गया है। सरकारी स्कूल से आठवीं पास करने वाले सभी विद्यार्थियों को नेबरहुड विद्यालय (वह स्कूल जो बच्चे के निवास से पैदल दूरी के भीतर स्थित है) को स्क्रीनिंग किए बगैर दाखिला देना होगा। ऐसा न करने पर स्कूल पर कार्रवाई भी होगी। शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि अगर कोई स्कूल इस तरह से स्क्रीनिंग टेस्ट लेते हैं तो वह शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 13 की अवहेलना है। बता दें कि शिक्षा विभाग को शिकायतें मिल रही थी कि सरकारी या प्राइवेट स्कूलों में बच्चों का स्क्रीनिंग टेस्ट लिए जाने के बाद दाखिला दिया जाता है। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि अगर किसी भी स्कूल के खिलाफ कोई शिकायत मिली तो उसे पहली बार में 25 हजार और दुबारा उल्लंघन करने पर 50 हजार रूपए तक का जुर्माने का भुगतान करना होगा। आदेशों में कहा कि सभी सरकारी और प्राइवेट विद्यालयों में, शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 13 की पालना की जाए। सरकारी स्कूलों को भी निर्देश दिए कि राजकीय स्कूलों से 8वीं पास करने वाले विद्यार्थी का नौवीं कक्षा में नामांकन के लिए आसपास के स्कूल द्वारा कोई टेस्ट नहीं लिया जाए और विद्यार्थी को तुरंत दाखिला दिया जाए।



### सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए गए

'शिक्षा विभाग की ओर से स्क्रीनिंग टेस्ट को लेकर आदेश आ चुके हैं। हमने आदेश पर कार्रवाई भी कर दी है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए गए हैं। साफ कहा कि अगर कोई भी स्कूल आदेश के बावजूद किसी बच्चे का स्क्रीनिंग टेस्ट लेता है तो उसके खिलाफ तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। हम ऐसे स्कूलों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करने के लिए बाध्य हैं।
सुरेश कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी, अंबाला

## कार्यकर्ताओं की बदौलत प्रदेश में फिर से खिलेगा कमलः मनोहर



भाजपा जिला कार्यालय करण कमल में बैठक करते पूर्व सीएम मनोहर लाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ मनोहर लाल ने बूथ प्रबंधन के प्रमुखों से एक-एक कर व्यक्तिगत चर्चा की

चुनावों के दृष्टिगत पार्टी को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूती प्रदान करने हेतु भाजपा जिला कार्यालय करण कमल में विभिन्न बैठकों का आयोजन किया गया। विधानसभा चुनाव प्रभारियों, ओबीसी मोर्चा एवं बूथ प्रबंधन व शक्ति केंद्र सम्मेलनों की समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं को पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा एवं करनाल लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल व संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस मौके पर लोकसभा संयोजक हरविंद्र कल्याण,ओ बी सी मोर्चा अध्यक्ष कर्ण देव काम्बोज,भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा सहित अन्य पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

पार्टी की संगठनात्मक बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद से 400 सीटें जीतकर भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। प्रदेश की सभी 10 सीटें हमारी थी और रहेंगी। प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीट और एक विधानसभा सीट पर कमल खिलाएंगे।

उन्होंने बूथ प्रबंधन के प्रमुखों से एक-एक कर व्यक्तिगत चर्चा की और हर विषय पर उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को 'बूथ जीता-चुनाव जीता' मंत्र का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के हर बूथ पर अपनी बूथ सरंचना को मजबूत करना है।

# अनाज मंडी में खुले में पड़ा गेहूं बारिश से भीगा

## एजेंसियों के खरीदे गए गेहूं के भरे बैगों के नीचे बारिश का पानी भर गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ अनाज का उठान न होने से नई अनाज मंडी में हजारों क्विटल गेहूं खुले में पड़ा

जिले में मंगलवार दोपहर को हुई बारिश से अनाज मंडी में खुले में पड़ा गेहूं भीग गया। हालांकि हल्की बारिश होने के कारण अनाज ज्यादा नहीं भीगा, पर किसानों की चिंता जरूर बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि अगर मौसम और अधिक बिगड़ा तो खेतों में पककर खड़ी व मंडियों में आने को तैयार फसल को नुकसान हो सकता है। बता दें कि अनाज का उठान न होने से नई अनाज मंडी में हजारों क्विटल गेहूं खुले में पड़ा है। इस बार क्षेत्र में गेहूं की पैदावार भी ठीक हुई है। कई दिन से बदलते मौसम के मिजाज ने किसान और मंडियों में आढ़तियों की परेशानी बढ़ा दी है। बारिश से मंडियों में आढ़तियों के चेहरे मुरझाए हुए हैं, क्योंकि मंडियों में काफी आढ़तियों की दुकानों के आगे पड़ा गेहूं बारिश से भीग गया और एजेंसियों के खरीदे गए गेहूं के भरे बैगों के नीचे बारिश का पानी भर गया।

गेहूं खरीद के बाद उठान भी सही नहीं हो रहा, जिस वजह से मंडियों में गेहूं के बड़े ढेर लग रहे हैं। गेहूं खरीद के सीजन में अब तक खरीद एजेंसियों द्वारा अलग-अलग खरीद केन्द्रों से कुल 4 लाख 34 हजार 694 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है।

इस खरीद में से विभिन्न एजेंसियों द्वारा 1 लाख 51 हजार 138 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है। एजेंसियों द्वारा अब तक 64099 किसानों की गेहूं की फसल को खरीदा गया है।



**कुरुक्षेत्र।** बारिश में भीगते गेहूं से भरे कट्टे। फोटो : हरिभूमि

### शेड्यूल के अनुसार किसानों को बुलाया जा रहा

उपायुक्त ने कहा कि मंडियों व खरीद केन्द्रों पर फसल को लेकर आने के लिए प्रशासन द्वारा एक शेड्यूल बनाया गया है, जिसके तहत ही किसानों को फसल बेचने के लिए बुलाया जा रहा है। अब तक खाद्य आपूर्ति विभाग ने 2 लाख 18 हजार 251 एमटी, हैफेड ने 2 लाख 1 हजार 81 एमटी, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 15141 एमटी व ट्रेडर्स ने 221 एमटी गेहूं की खरीद की है। एजेंसियों द्वारा 1 लाख 51 हजार 138 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है, जिसमें से डीएफएससी द्वारा 79222, हैफेड द्वारा 69710, एचडब्लयूसी द्वारा 1985 एमटी व ट्रेडर्स द्वारा 221 एमटी गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है। विभिन्न एजेंसियों द्वारा अब तक 64099 किसानों की गेहूं की फसल को खरीदा है।

### अनाज मंडी इंद्री में उठान धीमा



**इंद्री ।** अनाज मंडी इंद्री में गेहूं का उठान धीमा होने के कारण मंडी मे जाम की स्थिति बन गई है । जिसे लेकर आढ़तियों व किसानों मे रोष पनपता जा रहा है । मंडी मे गेहूं लेकर आए किसानों ने बताया कि एक ओर तो किसानों पर मौसम की मार पड़ रही है वही मंडी में उठान की धीमी गति होने के चलते उनकी समस्या बढ़ती जा रही है । उन्होंने बताया कि मंडी में गेहूं के कट्टो के ढेर लगने के कारण जाम की स्थिति बनी हुई है । मंडी के आढ़तियों का कहना है कि यदि मंडी में उठान के कार्य में तेजी नहीं लाई गई तो मंडी में जाम लग जाएगा जिससे किसानों व आढ़तियों की परेशानी और बढ़ सकती है । उधर भाकियू चढ़ूनी के प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल चहल व किसानों ने कहा कि यदि मंडी में उठान की गति को तेज नहीं किया गया तो भाकियू आंदोलन छेड़ने पर मजबूर होगी ।

## पानीपत में मजदूरों ने किसान की दरांती से की हत्या

■ गेहूं कटाई के दौरान हुआ था बहसबाजी

**पानीपत।** पानीपत के निकटवर्ती गांव सौदापुर के खेतों में मजदूरों ने एक किसान की पीट पीट कर हत्या कर दी। वही, सन्नी निवासी सौदापुर ने बताया कि उसका पिता फतेहचंद पेशे से किसान था। उनके खेत में एकता विहार कॉलोनी का कमल व विक्की गेहूं कटाई का काम कर रहे थे। उसका पिता फतेहचंद भी खेत में काम कर रहा था। मंगलवार शाम को आंधी में उनके खेत से गेहूं की फसल उड़कर दूसरे के खेत में चली गई। उसके पिता फतेहचंद ने कमल व विक्की को फसल बांधने को कहा तो वह बहस करने लगे। उसके पिता ने कहा कि अगर दूसरे के खेत में फसल चली गई तो उनको काफी नुकसान होगा। इसलिए फसल की पुलियां बांधनी होगी। इस बात पर कमल व विक्की ने उसके पिता फतेहचंद के साथ बहस की। इसके बाद उसके पिता फतेहचंद अपने घर आ गए। वह उसकी मां दर्शनी देवी के साथ घर पर बात कर रहा था। इसी वक्त कमल व विक्की यहां पर अपने चार पांच दोस्तों के साथ आया और उसके पिता के साथ गाली गलौज करने लगा। उसके पिता फतेहचंद ने इसका विरोध किया तो इन्होंने उसके पिता के गुप्तांग पर लात मारी और दरांती से गर्दन पर हमला कर दिया। वह पिता फतेहचंद को आठ मरला के पास निजी अस्पताल में लेकर गए। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

## विज बोले अब मैं आपको कुछ दे नहीं सकता मेरी देने वाली ताकत मेरे से ले ली गई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ लार्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विज का दर्द छलका

राज्य सरकार में कोई जिम्मेदारी न मिलने का दर्द एक बार फिर पूर्व मंत्री अनिल विज की जुबान पर आ गया। पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने मंगलवार को लार्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। यहां अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मैं आज आपको कुछ दे नहीं सकता क्योंकि मेरे पास जो देने वाली ताकत थी वह मेरे से ले ली गई है। मैं पूर्व में जब भी स्कूल आया कुछ न कुछ देकर अवश्य गया हूं। मगर अब भी मैं कुछ नहीं दे पाउंगा। मैं केवल स्कूल को अपनी शुभकामनाएं देता हूं और आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपकी हर लड़ाई में आपके साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज या सभ्यता के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण विषय है, शिक्षा आदमी को इंसान बनाती है और लार्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल शक्षिण संस्थान जो कार्य कर रही है वह उच्च स्तर का है। शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान देना नहीं होता, शिक्षा का मतलब व्यक्ति को सभी प्रकार से सक्षम बनाना, उसे संस्कार, ज्ञान, शारीरिक कुशलता बनाना होता है। उन्होंने कहा कि जैन समाज अपने पर संयम रखकर साधना करते है और वह कई जैन परिवारों को जानते हैं जोकि संयम करते हैं।



मेधावी छात्रों के साथ पूर्व मंत्री अनिल विज व स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी।

## सरकारी स्कूल में तेंदुआ दिखने से दहशत, टीम ने सर्च अभियान चलाया

**करनाल ।** उचाना गांव के सरकारी स्कूल के कैमरे में तेंदुए के देखे जाने पर आस-पास के ग्रामीणों में दहशत बरकरार है। इसके चलते वन विभाग की टीम में गांव में डेरा डाल लिया है। वहीं रोहतक से आई वन्य जीव संरक्षण विभाग की टीम ने भी रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है। टीम द्वारा तेंदुए को पकड़ने के लिए कई पिजरें भी मंगाए गए है। लेकिन स्कूल के बाद तेंदुआ कहां गया उसके पग मार्क टीम को नहीं मिल रहे है। टीम का अनुमान है कि गांव के पास ही छोटे छोटे दो जंगल है शायद तेंदुआ इन्हीं जंगलों में हो सकता है। जिसके चलते आज टीम ने जंगल में सर्च अभियान शुरू कर दिया है। जहां पर तेंदुए के पग मार्क मिलते है। वहीं पर पिजरों को लगाया जाएगा। पूर्व सीनियर डप्टी मेयर नवीन कुमार ने बताया कि कल गांव का सरकारी स्कूल खुला तो वहां पर बड़े बड़े पंजों के निशान दिखे थे, जिसके बाद स्कूल में लगे कैमरों को चैक किया गया तो दीवार फांद कर तेंदुआ स्कूल घुसता हुआ दिखाई दिया। उसके बाद गांव के कुछ लोगों ने स्कूल के पिछे जो रास्ता है वहां पर लोगों ने उसे देखा। वन विभाग टीम के सदस्य राजबीर ने बताया कि कल दोपहर से टीम गांव में डटी हुई है। रोहतक से टीम को बुलाया गया है। जो तेंदुए को पकड़ने के लिए लगातार सर्च अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि गांव के पास ही पश्चमी यमुना नहर निकल रही है। अगर तेंदुआ मिलता है तो इसी रास्ते से गांव में आया है।

### श्री हनुमान सेवा समिति ने कथा व्यास को सम्मानित किया

# श्रीराम चरित्र मानस परम पवित्र हैः देवी सुदीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

■ पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रचलन के चलते भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर प्रहार हो रहा

श्रीराम चरित्र मानस परम पवित्र है। देवता भी श्रीराम के चरित्र के रहस्य को नहीं समझ पाते। श्रीरामचरित मानस का मुख्य सारांश यही है कि हमें प्रभु श्री राम की तरह मर्यादित होकर अपने जीवन के उत्तरदायित्व को निभाना होगा। श्री हनुमान जी प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में श्री हनुमान सेवा समिति की ओर मां अन्नपूर्णा आश्रम में अंतिम दिन की कथा मे सुश्री देवी सुदीक्षा सरस्वती रामायणी ने कहा। मंगलवार को कार्यक्रम मे ज्योति प्रज्जवलित करके श्रीराम कथा का शुभारंभ किया। उसके तत्पश्चात मुख्य रूप से कथा व्यास स्वामी रामानन्द सरस्वती नकुड़ वालें की परम शिष्या सुश्री देवी सुदीक्षा सरस्वती रामायणी ने कहा कि आज पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रचलन के चलते जिस प्रकार से भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर प्रहार हो रहा है, उसी के परिणामस्वरूप आज हमारी युवा पीढ़ी तेजी से भ्रमित हो रही है। ऐसे में यदि भारतीय संस्कृति वेदों, पुराणों, ग्रंथों में बताए प्रेरणा प्रसंगों का प्रसार नहीं किया गया, तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम हमारी भावी पीढ़ी को भुगतने पड़ेंगे। देवी सुदीक्षा ने समिति द्वारा पिछले 14 सालों से रोजाना चल रहे लंगर प्रसाद की प्रशंसा की। यह समिति शहर मे सैकड़ों गरीब, लाचार, असहाय लोगो को भोजन करवाने सेवा का कार्य कर रही है। इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। कथा के बाद सुशांत सागर एवं रिंकु चुघ द्वारा श्री राम के भजनों का गुणगान किया। समिति की ओर से मंच पर देवी का आए सदस्यों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अन्त मे समिति के प्रधान अमन शर्मा ने कार्यक्रम मे पहुंचने पर मेहमानों व गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अंत में आरती करके भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों की सं या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति के सरक्षंक लाला साधु राम सिंगला, ईश्वर चन्द गोयल, बृजभूषण गोयल, वेद सलूजा, सुभाष अनेजा, बालकिशन त्रिपाठी, नपा प्रधान विरेन्द्र बंसल, रविन्द्र सिंगला, राकेश गर्ग, अजय गोयल, मुकेश गोयल, प्रधान अमन शर्मा, विपिन छाबड़ा, संजय गाबा, संजय सेतिया, मदन लाल सचदेवा, पार्षद नरेश गाबा, अशोक लूथरा सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।





**तरावड़ी।** कार्यक्रम मे पहुंचे गणमान्य लोगो को मंच से सम्मानित करती देवी सुदीक्षा व कार्यक्रम मे उपस्थित महिलाएं व पुरुष।

## मांगों को लेकर कर्मियों ने किया प्रदर्शन




मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ उपायुक्त ने संगठन के डेपुटेशन को बुलाकर बातचीत की व एक कमेटी गठित की, जो पूरे मामले की जांच करेगी

एचएसवीपी कर्मचारी यूनियन के बैनर तले छठे दिन भी सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अगुवाई जिला प्रधान गुरविंदर सिंह ने की व संचालन सचिव सुल्तान सिंह द्वारा किया गया। मुख्य रूप से सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर व जिला सचिव सेवाराम बड़सर ने कहा कि कर्मचारियों ने उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी की गई। उपायुक्त ने संगठन के डेपुटेशन को बुलाकर बातचीत की व एक कमेटी गठित की, जो पूरे मामले की जांच करेगी व इनकी समस्याओं का हल करवाएगी। कर्मचारियों ने कहा कि पिछले तीन महीने से विभाग सैलरी जारी नहीं कर रहा है। कर्मचारियों के समक्ष साल भर का राशन लेने, बच्चों का एडमिशन करवाने ,मकान का किराया देने ,दवाइयां का खर्च आदि को लेकर समस्याएं खड़ी हो गई हैं। सुशील गुर्जर व सेवाराम बड़सर ने कहा कि जब तक वेतन, इपीएफ व ईएसआई की मांग पूरी नहीं की जाती धरने को जारी रखा जाएगा।

इस अवसर पर ओम प्रकाश सिंहमार, सीटू नेता ओम प्रकाश माटा, राजकुमार, विनोद परोचा, सुरेंद्र पुरोचा, धीरज रावत, तेलु राम, रोशन लाल गुप्ता, भाग सिंह, सतपाल सिंह, कृष्णा कश्यप, शीशपाल राणा, प्रवेश कुमार, सुभाष चंद्र, पवन राणा, रानी, सीता, सुनीता व शेरो आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### पार्किंग में खड़ी दो कारों में लगी आग

**यमुनानगर।** जगाधरी के सेक्टर-17 हुड्डा में मंगलवार सुबह पार्किंग में खड़ी दो कारों में अचानक आग लग गई। आग लेने से दोनों कारें पूरी तरह से जल गई। दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। कार मालिकों का आरोप है कि सफाई कर्मचारियों ने कार के पास पड़े कूड़े के ढेर में आग लगाई। जिससे आग सुखे पत्तों से होते हुए उनकी कार तक पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुचकर मामले की जांच शुरू कर दी।

### बास्केटबॉल पुरुष चेपियनशिप प्रतियोगिता जीती

यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के पुरुष बास्केटबॉल टीम ने कुरुक्षेत्र वश्विद्यिालय इंटर कॉलेज चैंपियनशिप में प्रतष्ठिति पहला स्थान हासिल किया है। एक गहन फाइनल मैच में कॉलेज टीम ने आरकेएसडी कॉलेज कैथल और पीआईईटी पानीपत टीमों सहित मजबूत दावेदारों को हराकर असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। कालेज प्रिंसिपल डॉ. हरिंदर सिंह कंग ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह उपलब्धि हमारे कॉलेज के लिए बेहद गर्व की बात है।

### डीएवी कॉलेज मे प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के पीडीपी एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में दो दिवसीय प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ.मीनू जैन ने की। कार्यक्रम के दौरान आईसीआईसीआई बैंक के वरिष्ठ भर्ती प्रबंधक सुमित पाल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 44 स्नातक एवं 11 स्नातकोत्तर छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता सुमित पाल ने छात्राओं को बैंक की कार्य प्रणाली एवं जॉब से संबंधित नियमों की जानकारी दी। उसके पश्चात छात्राओं से ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरवा कर अलग-अलग चरणों में प्लेसमेंट प्रक्रिया को पूरा किया जिसमें छात्राओं की लिखित परीक्षा व एप्टीट्यूड टेस्ट लिया गया। वहीं दूसरे दिन अलग-अलग चरणों में उम्मीदवारों के साक्षात्कार लिए गए जिसमें उम्मीदवारों को नौकरी के लिए चयनित किया गया। संचालन में डॉ.मीनू गुलाटी, डॉ.मीनाक्षी सैनी, सुषमा शर्मा, पूजा व नवनीत ने सहयोग दिया। कोच डॉ. जोशप्रीत सिंह ने सराहना की।

## बी.कॉम प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने असीनियर्स को दी भावपूर्ण विदाई

# वरुण को मिस्टर फाइनल व तरनुम को मिस फाइनल के खिताब से नवाजा

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में बी.कॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में मंगलवार को बी.कॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए बी.कॉम प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया।

इस दौरान जुनियर्स ने अपने सीनियर्स को विभिन्न टाइटलों से नवाजा और उन्हें गिफ्ट देकर सम्मानित किया। मौके पर जुनियर्स ने अपने सीनियर्स के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम समेत विभिन्न गतिविधियां आयोजित सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. करुना ने दीप प्रज्जवलित करके किया। महाविद्यालय की बी.कॉम विभाग की अध्यक्षा डॉ. सीमा गुप्ता ने बताया कि विदाई समारोह में बी.कॉम प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य, चुटकले, भाषण समेत अन्य गतिविधियां आयोजित कर सभी को भाव विभोर कर दिया। जुनियर्स ने अपने सीनियर्स के साथ उनके द्वारा महाविद्यालय में बिताए गए तीन वर्षों के पलों को सांझा किया। मौके पर जुनियर्स ने अपने सीनियर्स को उपहार भेंटकर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी।




**यमुनानगर।** महाराजा अग्रसैन महाविद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में मिस्टर व मिस फाइनल के खिताब से नवाजे गए विद्यार्थियों को सम्मानित करती प्राचार्या व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### टाइटल देकर किया गया सम्मानित

विदाई समारोह में छात्र वरुण को मिस्टर फाइनल व तरनुम को मिस फाइनल के खिताब से नवाजा गया। वहीं, छात्र अमन को मिस्टर ईव व मनीषा को मिस ईव का खिताब दिया गया। जबकि छात्र विशाल को मिस्टर परफेक्ट का खिताब दिया।

### करियर के साथ सामाजित दायित्वों का भी करें निर्वाह

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. करुना ने बी.कॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को आहवान किया कि वह अपने करियर के साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वाहन करते रहें। वह जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़ें तो सदैव ईमानदारी और कर्त्तव्य को पूरी निष्ठा और लगन से करें। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें समझाया कि सफलता के लिए मेहनत, लगन और निष्ठा जरुरी है। जिसे वह जीवन में अपनाकर आगे बढ़ें।



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

## पोस्टर बनाकर बच्चों ने किया धरा को बचाने के लिए प्रेरित

- विश्व धरा दिवस पर बच्चों ने बनाए बेहतरीन पोस्टर
- न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल (लक्ष्मी गार्डन) यमुनानगर में विश्व धरा दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छठी कक्षा से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने बहुत ही शानदार पोस्टर बनाकर धरा को बचाने के विभिन्न उपायों को सुझाया। स्कूल प्रबंधक समिति के अध्यक्ष जीएस शर्मा व प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का ने बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों ने बहुत ही आकर्षक पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का जो प्रदर्शन किया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज हमें अपनी धरती माता को बचाने की बहुत आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से धरा को बचाने के विभिन्न उपायों से यह जाहिर कर दिया है कि हम अपनी धरती मां को बचाने की ओर प्रयासरत हैं। मौके पर छठी कक्षा की जसमीत, सहजलीन, सातवीं की शीला, आयुष, आठवीं की सिमरन, भावना, अंकिता, जीवांश द्वारा बनाए गए पोस्टरों का चयन किया गया। प्रतियोगिता के संचालन में अल्का साहनी, श्यामा कुमारी व ललिता आदि ने सहयोग किया।

### चोरों ने गोदाम में रखी बैड की 200 चादरें चुराई

**यमुनानगर।** चोरों ने कैंप बाजार में कपड़े के गोदाम से बैड की 200 चादरें चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार कैंप निवासी जयंत कालरा ने बताया कि उसकी कैंप बाजार में शिव शक्ति क्लाथ हाउस के नाम से दुकान है। दुकान में साथ ही उसका गोदाम है। जिसमें उसका कपड़ा व अन्य सामान पड़ा है। देर रात वह दुकान व गोदाम बंद् रकरके घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसने देखा कि गोदाम का लगा ताला टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर गोदाम से बैड की 200 चादरें गायब थी।

## कांग्रेस जल्द करेगी हरियाणा के उम्मीदवारों की घोषणा: सैलजा

**यमुनानगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्य समिति की सदस्य कुमारी शैलजा ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के उम्मीदवारों की जल्द घोषणा कर दी जाएगी। कुमारी शैलजा मंगलवार को जगाधरी के सेक्टर-15 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता निलय सैनी के बेटे के अक्समात हुए निधन पर दुख जताने पहुंची थी। उन्होंने निलय सैनी और उनके परिवार को सांत्वना दी और इस दुख की घड़ी में वह और समस्त कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी होने का आश्वासन दिया।

कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्य समिति की सदस्य कुमारी शैलजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को आपार जनसमर्थन मिल रहा है। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री बदलने से कोई लाभ नहीं होगा। देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। कुमारी शैलजा ने कहा कि प्रधानमंत्री हर रोज नई नई बात करते हैं। वह समाज को बांटने की बात करते हैं। यह देश शांति व भाईचारे वाला देश है। उन्होंने कहा कि भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी के 400 पार व 370 पार के दावे पहले चरण के चुनाव में ही ध्वस्त होते नजर आ रहे हैं। कुमारी शैलजा ने कहा कि भाजपा की स्थिति इतनी बुरी है कि छह उम्मीदवार उन्होंने ऐसे घोषित किए हैं जो पहले कांग्रेस में थे। उनकी कमजोरी सबके सामने आ चुकी है।



यमुनानगर के जगाधरी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता निलय सैनी के निवास स्थान पर पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए कुमारी शैलजा।

## ऑनर किलिंग: लड़की के भाई समेत पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया

यमुनानगर में हुए ऑनर किलिंग मामले में पुलिस ने लड़की के भाई समेत पांचों आरोपियों को देर रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मंगलवार दोपहर आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है।

शहर यमुनानगर थाना प्रभारी जगदीश चंद ने बताया कि यमुनानगर के हनुमान कॉलोनी चिट्टा मंदिर कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय अभिषेक उर्फ रिशु की हत्या के मामले में पुलिस ने हत्या में शामिल गधौली निवासी चन्ना सिंह उर्फ चीनु गुज्जर, सचिन उर्फ अनुपम गुज्जर, आर्यन शर्मा, राहुल उर्फ रिंकू तथा खालसा कॉलेज निवासी अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के बाद आरोपी भागने की फिराक में थे। मगर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों को मंगलवार दोपहर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है।



यमुनानगर में ऑनर किलिंग मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी।

### ये था मामला

पंजाब के जिला मोहाली के थाना डेरा बस्सी के बालाजी नगर निवासी आकाश ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी मासी के लड़के अभिषेक उर्फ रिशु 13 माह पहले यमुनानगर की गधौली कॉलोनी निवासी निशा से प्रेम विवाह किया था। जिसके बाद से वह अपने परिवार के साथ जीरकपुर में किराये का कमरा लेकर रह रहा था। 21 अप्रैल को अभिषेक के ताया की लडकी सोनिया की शादी थी। शादी में शामिल होने के लिए वह और अभिषेक उर्फ रिशु भी अपने अपने परिवार के साथ आए थे। सोनिया की बिदाई होने के बाद वह अभिषेक व हनुमान कॉलोनी निवासी शशीकांत के साथ कार में घर के बाहर गली में बैठे हुए थे। रात करीब सवा 10 बजे दो मोटर बाइकों पर सवार होकर निशा का भाई गधौली निवासी चन्ना सिंह उर्फ चीनु गुज्जर, सचिन उर्फ अनुपम गुज्जर, आर्यन शर्मा, राहुल उर्फ रिंकू तथा खालसा कॉलेज निवासी अभिषेक वहां पर आए। आरोपियों ने आते ही उन तीनों पर चाकुओं व तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में वह तीनों घायल हो गए। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिवार वालों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने अभिषेक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया। मगर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



## हवन-यज्ञ में आहुति डालकर की सभी के लिए मंगलकामना

**रादौर।** रादौर के कॉलेज रोड पर स्थित श्री बालाजी मंदिर में सेवा समिति की ओर से मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों लोगों ने प्रशाद ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व समिति की ओर से प्रधान राजीव आर्य सन्नी व मंदिर के पुजारी अवध बिहारी पांडे के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की। प्रधान राजीव आर्य सन्नी ने बताया कि समिति की ओर से हर वर्ष श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। मौके पर अनिल मुंजाल, विनोद राणा, नीरज कुमार बबलू, राजेंद्र कुमार, मंगतराम, शिवम गर्ग, श्रीराम, अंशुल आर्य, देशराज, संजयए रुलिया राम, विक्की, रिक्की, प्रवीण कुमार, पुजारी अवध बिहारी पांडे, विजय कांबोज, सुभाष कांबोज, मोंटी, प्रेमचंद, आशु, साहिल व हरीश गर्ग आदि मौजूद थे।

## रोडवेज कार्यशाला में हुआ हवन का आयोजन

- भंडारे में शामिल हुए रोडवेज कर्मचारी
- सभी ने मिलकर सुंदरकांड का पाठ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा रोडवेज यमुनानगर वर्कशॉप में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान कार्यशाला में स्थित मंदिर में सुबह हनुमान जी को स्नान करवाया गया और उनका श्रृंगार किया गया। बाद में सभी ने मिलकर सुंदरकांड का पाठ किया। मौके पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य यजमान के रूप में रोडवेज महाप्रबंधक संजय रावल शामिल हुए। रावल ने कहा कि हनुमान जी की महिमा अपरंपार है। जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से कोई मुराद मांगता है उसकी मुराद जरूर पूरी होती है।

बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर के आचार्य कमलेश शास्त्री ने कहा कि रोडवेज कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा हर वर्ष भगवान हनुमान जी का जन्म उत्सव मनाया जाता है। मौके पर देवेंदर कुमार, भवानी दत्त, करण शर्मा, जगदीश यादव, शीशपाल, रमेश कुमार, अंकित, हिसम गुर्जर, मोतीलाल व गोपाल चंद आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** रोडवेज कार्यशाला में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान हवन-यज्ञ में भाग लेते कर्मचारी।

## घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जगाधरी की ग्रीन विहार कॉलोनी में दो दर्जन से अधिक लोगों ने एक घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों को नामजद करते हुए 20 अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रीन विहार कॉलोनी निवासी लवकुश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 अप्रैल को रात साढ़े 10 बजे अपने घर पर बैठा हुआ था। इस दौरान उनके पड़ोस में रहने वाले समीर, साजिद, भूरे सिंह, हुसैन व जुल्फान ने अपने 20 अन्य साथियों के साथ मिलकर उनके घर में घुसकर उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने गंडासी व तलवारों से उन पर हमला कर उन्हें जान से मारने का प्रयास किया। हमले में वह, उसके ताऊ का लड़का कर्ण व भाभी समा भी घायल हो गए। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। जाते हुए आरोपियों ने उनके घर में जमकर तोड़ फोड़ की और गली में खड़ी उसकी बाइक भी तोड़ डाली। परिवार के अन्य सदस्यों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया

### श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# पालकी यात्रा में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- जन्म कल्याण के शुभावसर पर निकाली वार्षिक पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर यमुनानगर में मंगलवार को भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण के शुभावसर पर वार्षिक पालकी व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में मंदिर संरक्षक गिरीराज स्वरुप जैन ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता श्री दिगंबर जैन मंदिर प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष अजय जैन ने की। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधान मुकेश जैन व महामंत्री पुनीत गोल्डी जैन ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा, प्रक्षाल, शांतिधारा, ध्वजा रोहण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। पंडित शीलचंद जैन ने कहा कि हम सभी जैन धर्म के अनुयायी हैं और हमारा कर्तव्य बनता है कि हम बिना किसी की भावना को ठेस पहुँचाए अपना कार्य करें। प्रेम और सौहार्द पूर्वक सभी कार्यक्रमों में भाग लें। इससे समाज में जैन एकता का महा संदेश जायेगा। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिये कि यदि मेरे अहंकार से, मेरे क्रोध से, मेरे झूठ से, मेरे द्वारा न कहे जाने से किसी सेवा में दान में बाधा आई हो या किसी को निराशा हुई हो अथवा मेरे शब्दों से किसी के हृदय को ठेस पहुँची हो तथा कष्ट हुआ हो तो उसके लिये जैन धर्म में क्षमा मांगने की प्रथा है।मंदिर संरक्षक गिरीराज स्वरूप जैन ने कहा कि जैन धर्म जितना पवित्र और शुद्ध है, उसके जैसा हमें कोई भी धर्म नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि हमें भगवान महावीर के संदेशों की पालना करते हुये जियो और जीने दो, अहिंसा का पालन, सत्य को चरित्र में ढालना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिये।प्रधान अजय जैन ने कहा कि श्री जी की पालकी शोभा यात्रा एक विशेष उद्देश्य से निकाली जाती है जिसमें श्रद्धालुओं की श्री जी के समान बनने की इच्छा प्रकट होती है।



**यमुनानगर।** पालकी यात्रा निकालते जैन समाज के श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

## सुचारू रूप से हो रही है गेहूं की खरीद

- जिले की 13 अनाज मंडियों में अब तक खरीदी 155937 मीट्रिक टन गेहूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले की सभी अनाज मण्डियों में गेहूं की खरीद शुरू हो चुकी है तथा सरकारी खरीद एजैन्सियों द्वारा अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद निर्धारित मानदण्डों के अनुसार सुचारु रूप से 2275 रूपये प्रति क्विंटल की जा रही है।

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि चालू रबी सीजन के दौरान 22 अप्रैल तक जिला की विभिन्न अनाज मण्डियों में कुल 155937 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 56120 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 82723 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाऊस कॉर्पोरेशन द्वारा 17094 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

उन्होंने बताया कि बिलासपुर अनाज मंडी में 19678 मीट्रिक टन गेहूं, छछरौली मंडी में 15818 मीट्रिक टन गेहूं, गुमथला राव मंडी में 4341 मीट्रिक टन गेहूं, जगाधरी मंडी में 24138 मीट्रिक टन गेहूं, जठलाना मंडी में 2975 मीट्रिक टन गेहूं, खारवन मंडी में 2715 मीट्रिक टन गेहूं, प्रतापनगर मंडी में 14344 मीट्रिक टन गेहूं, सरस्वती नगर में 27485 मीट्रिक टन गेहूं, रादौर में 23380 मीट्रिक टन गेहूं, रणजीतपुर में 6637 मीट्रिक टन गेहूं, रसूलपुर मंडी में 5210 मीट्रिक टन गेहूं, साढ़ौरा मंडी में 9099 मीट्रिक टन गेहूं व यमुनानगर मंडी में 117 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई जिसकी खरीद विभिन्न सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय स्थित कार्यालय में मंडियों में गेहूं खरीद की जानकारी देते उपायुक्त।

## खबर संक्षेप



### क्विज में गीता विद्यालय का जतिन बना विजेता

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इन्हीं प्रतियोगिताओं में से एक क्विज में श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड कुरूक्षेत्र से 9वीं कक्षा के छात्र जतिन शर्मा ने प्रतिभागिता करते हुए विजेताओं की सूची में जगह बनाई। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अनिल मदान ने वंदना सत्र में छात्र को सम्मानित किया व अपने उद्बोधन में छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि पृथ्वी दिवस के अवसर पर, हम सभी को अपनी प्राकृतिक संपदा की संरक्षण और समर्थन की जरूरत को समझने का मौका मिलता है।



### सबसे बड़ा भगवान हमारा हृदय : योगरत्न देसराज

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत), मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली के तत्वावधान में संस्थान के दिल्ली योग प्रांत 1 व 2 तथा हरियाणा प्रांत के क्षेत्रीय अधिकारियों व केंद्र प्रमुखों के लिए संस्थान के योगाश्रम, मिजार्पुर में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन योगाश्रम पधारने पर संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान योगरत्न देसराज का पुष्प वर्षा से भव्य अभिनंदन किया गया। दो दिवसीय शिविर में देसराज द्वारा स्वस्थ दिनचर्या और योग, साधना सुधार एवं मौन साधना का महत्व, हृदय रोग और योग इत्यादि विषयों पर सार गर्भित, ज्ञानवर्धक, अत्यंत उपयोगी एवं सुंदर वार्ताएं प्रस्तुत की गईं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर वास्तव में यदि कोई भगवान है तो वह है हमारा हृदय, जो दिन रात काम करके हमारी रक्षा करता है।

### प्रेजाइडिंग अधिकारी ड्यूटी पर सर्तक रहें

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है, सभी नागरिकों को 25 मई के दिन अपने-अपने बूथों पर जाकर अपने मत का प्रयोग अवश्य करना है। इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की तरफ से सभी बूथों पर चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार व्यवस्था की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा मंगलवार को न्यू लघु सचिवालय के सभागार में जिला निर्वाचन कार्यालय की तरफ से आयोजित प्रशिक्षण शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए हरियाणा प्रदेश में 29 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगा और 25 मई को मतदान । इन चुनावों को लेकर सभी प्रेजाइडिंग और अल्टरनेटर प्रेजाइडिंग अधिकारियों को अपनी ड्यूटी पर तत्पर रहना होगा। लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में प्रेजाईडिंग और अल्टरनेटर प्रेजाईडिंग अधिकारियों की अहम जिम्मेदारी होगी।

## हनुमान जयंती पर जिलेभर में कार्यक्रमों का आयोजन

# हनुमानजी जैसा बलशाली और स्वामी भक्त कोई नहीं : आचार्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मंगलवार को हनुमान जयंती पर मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से लेकर शाम तक क्षेत्र के हनुमान मंदिर बजरंगबली के जयकारों से गूंजते रहे। इस दौरान मंदिरों पर आकर्षक रंगीन सजावट कर हनुमान चालीसा, सुंदरकांड भजनों की स्वर लहरिया गूंजती रही। मंदिरों में भजन संध्या, सामूहिक हनुमान चालीसा सुंदरकांड पाठ, कीर्तन के साथ प्रसाद वितरित किया गया।

इधर हुनमुान जयंती पर जिलेभर के स्कूलों में भी कार्यक्रमों की धूम रही है। जिलेभर के बहुत से स्कूलों में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और विद्यार्थियों को हुनामान जैसा वीर और सेवक बनने के लिए प्रेरित किया। इस कड़ी में गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर- 3 विद्यालय में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया एवं हनुमानजी के भजनों पर सभी छात्र झूमें। कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद सदन द्वारा किया गया। हनुमानजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय आचार्य अनीता ने बताया कि हनुमानजी जैसा बलशाली एवं स्वामी भक्त कोई नहीं है। हनुमान जी ने यह शक्ति एकाग्रता से प्राप्त की है। इसीलिए सभी बच्चों को एकाग्रचित होकर पढ़ना चाहिए। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार द्वारा हनुमानजी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।



**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाते बच्चे।



**कुरुक्षेत्र।** पुरानी सब्जीमंडी में स्थित श्री हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते समाजसेवी संदीप गर्ग।

### महायज्ञ में सवा लाख आहुतियां डालीं



**कुरुक्षेत्र।** शांति नगर कुरड़ी में जय ओंकार आश्रम आदि शक्ति पीठ में स्थित हनुमान मंदिर में चल रहे महायज्ञ में सवा लाख आहुतियां डाली गई। संघ संस्थापक स्वामी शक्ति देव एवं स्वामी संतोष ओंकार महाराज कुरडी वाले व स्वामी संदीप ओंकार द्वारा पूणार्हूति डाली गई। इस अवसर पर विधिवत मंत्रोंच्चारण से कन्या पूजन कर भंडारा आयोजित किया गया। समस्त आए श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालकर पूनय अर्जित किया। स्वामीजी ने कहा हमें हमें भी हनुमानजी की तरह निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए और अपने ईस्ट का प्यार प्राप्त कर जीवन यापन करना चाहिए।

### हनुमान जी प्रभु श्री राम के पक्के भक्त थे : गर्ग

कुरुक्षेत्र। कुरूक्षेत्र पुरानी सब्जीमंडी में स्थित श्री हनुमान मंदिर में श्री हनुमान मंदिर सभा द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने अपने साथियों के साथ शिरकत की। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि भगवान श्री हनुमान जी भगवान श्री राम के पक्के भक्त थे और आज जो उनका पूरे धूमधाम के साथ हर जगह जन्म उत्सव मनाया जा रहा है वह एक बहुत बड़ा कार्य है। उन्होंने कहा कि हम सभी को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाना चाहिए और सभी लोगों को आज के दिन मंदिरों में जाकर बजरंग बली के दर्शन करने चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान ने श्री राम कि जो भक्ति की है वह किसी से छुपी हुई नहीं है और इंसान को भी भगवान की उसी प्रकार से भक्ति करनी चाहिए ताकि उसे उसका फल प्राप्त हो सकें। वहीं इससे पूर्व समाजसेवी संदीप गर्ग ने हनुमान मंदिर में श्री हनुमान की प्रतिमा के आगे मात्था टेका व आशीर्वाद लिया। मौके पर लाभ सिंह, कृष्ण गोपाल, भगत चंद, सुभाष, धीरज गुलाटी आदि मौजूद थे।

## श्रीदक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में श्रीहनुमान जी का अवतरण दिवस मनाया



**कुरुक्षेत्र।** राज्य मंत्री सुभाष सुधा को हनुमान जी का चित्र भेंट करते मंदिर के संरक्षक।

**कुरुक्षेत्र।** विश्व प्रसिद्ध ब्रह्म सरोवर के उत्तरी तट पर स्थित श्री दक्षिण मुखी प्राचीन हनुमान मंदिर पर चैत्र मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि मंगलवार को श्री हनुमान जी का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस पावन दिवस पर प्रात काल पीठाधीश विजय कुमार शर्मा एवं मुख्य पुजारी डॉक्टर हिमांशु शर्मा के सानिध्य में मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। शहरी निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना की तथा नतमस्तक होकर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के संरक्षक पंडित प्रेम कुमार शर्मा ने उन्हें हनुमान जी का चित्र भेंट किया।



**पिहोवा।** हनुमान जन्मोत्सव पर केश्व जिंदल व विनोद डोलिया परिवार को आशीर्वाद देते महंत बंसी पुरी।
फोटो : हरिभूमि

### हनुमानजी की पूजा करने से बल, बुद्धि और विद्या की होती है प्राप्ति : महंत बंसी पुरी

**पिहोवा।** श्रीदक्षिणा काली पीठ माडल टाऊन में महंत बंसी पुरी महाराज के सानिध्य में बाल स्वरूप हनुमान मंदिर में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव पर्व रामचरित मानस के पाठ व विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न हो गया। जानकारी देते हुए स्वामी खटवांग पुरी ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी केश्व जिंदल व मुख्य यजमान विनोद डोलिया परिवार द्वारा पूरे विधि विधान से हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई फिर रामचरित मानस के पाठ का भोग व आरती गई। हनुमान जन्मोत्सव पर्व में पहुंचे सैंकडो श्रद्धालुओं ने बाल हनुमान के पावन दर्शन व पूजन कर महंत बंसी पुरी महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बगलामुखी धाम धनीरामपुरा के व्यवस्थापक महंत भीम पुरी, पृथ्वेश्वर महादेव मंदिर के स्वामी महेश पुरी, गोबिंदानंद आश्रम की महंत सर्वेश्वरी गिरी, महंत लाल गिरी, स्वामी चमन गिरी, कार्यक्रम आयोजक केश्व जिंदल, राधे जिंदल, एडवोकेट गगन सिंगला, डा. शीनू सिंगला, विनोद डोलिया, देवी डोलिया, सुरेश डोलिया, सीमा डोलिया, मुकेश डोलिया, विकास गर्ग, सोनू मंगला, युधिष्ठिर बहल, राकेश बधवार, सुखबीर ग्रेवाल, रामधारी शर्मा, सरपंच विकल कुमार चौबे, गुरनाम मलिक, उमाकांत शास्त्री, हरप्रीत नंबरदार, नीलिमा चक्रपाणि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### किड्स प्लेनेट प्रेम स्कूल में मनाई हनुमान जयंती सातवीं के विद्यार्थियों ने भक्ति गीत की प्रस्तुति दी



**कुरुक्षेत्र।** किड्जी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में हनुमान जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत हनुमानजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम में स्कूल की एकेडमिक इंचार्ज मेघा बठला, कोऑर्डिनेटर सुनीता अरोड़ा, ज्योति खनेजा एचआर पूजा तथा अन्य शिक्षक भी शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने भक्ति गीत की प्रस्तुति से कार्यक्रम में समा बांधा। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने हनुमान जी के जीवन पर आधारित भाषण प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने बताया कि हनुमान जयंती चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि हनुमानजी शक्तिशाली, अपराजेय व संकटमोचन हैं। हनुमानजी के चरित्र की सबसे बड़ी विशेषता उनका शक्तिमान होना ही नहीं, बल्कि उनके ज्ञान के साथ ही गुणों का भी सागर होना है। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा के पश्चात प्रसाद बांटकर किया गया।

### विद्यार्थी को आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य की तरफ बढ़ना चाहिए : प्रोफेसर दीक्षित गर्ग



**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र, हार्टफुलनेस संस्थान, हैदराबाद संयुक्त तत्वधान में स्व प्रबंधन एवं नेतृत्व कौशल पर आधारित पाठ्यक्रम के समापन सत्र का आयोजन थॉट लैब में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2023- 24 में साप्ताहिक 16 सत्रों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 60 छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर दीक्षित गर्ग छात्र अधिष्ठाता उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज के युग में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ मानव मूल्यो की अवश्यकता है। प्रत्येक विद्यार्थी को आत्मविश्वास एवं अनुशासन के साथ अपने जीवन के लक्ष्य की तरफ दृढ़ता के साथ बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जगन नाथ, डॉ. गौरव सैनी, डॉ. अंशू पाराशर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने लगाया जूस का लंगर

**कुरुक्षेत्र।** सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित सिद्धपीठ श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया व रियल जूस का विशाल लंगर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने की। उन्होंने बताया कि सृष्टि पर मानवता की रक्षा और अनैतिक शक्तियों को नष्ट करने वाले राम भक्त वीर हनुमान को समस्त विश्व द्वारा याद किया जाता है। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से डाबर रियल जूस का अटूट भंडारा वितरित किया। सेवा ट्रस्ट के खंड कोआर्डिनेटर विजय पंघाल व वालंटियर पूजा सैनी ने सभी रामभक्तों को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर योगेश गर्ग, रमेश गुप्ता, मिथुन, विक्की सैनी, तेजस मित्तल व समस्त हनुमान भक्त प्रेमी मौजूद रहे।

### भक्त शिरोमणि हनुमान का जीवन लोक मंगल के लिए समर्पित है : डा. मिश्र




**कुरुक्षेत्र।** भारतीय संस्कृति में निष्काम सेवा भाव को सर्वोच्च माना गया है। इस निष्काम सेवा भावना जैसे महान सदगुणों के सर्वाधिक ज्वलंत प्रतीक महावीर हनुमान है। केसरीसुत और अंजनी नंदन महाबली हनुमान का जीवन हमें यह शिक्षा देता है कि बिना किसी अपेक्षा के निस्वार्थ भाव से सेवा करने से व्यक्ति भक्त ही नहीं, वरन भगवान तक बन सकता है। यह विचार हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित भक्ति संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यार्थियों द्वारा हनुमान वंदना एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। इस उपलक्ष्य में ब्रम्हचारियों द्वारा श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा भारत की सनातन संस्कृति के अष्ट चिरंजीवियों में विख्यात संकटमोचन हनुमान श्री राम कथा के ऐसे अविस्मरणीय अमर पात्र हैं जिनके सबल आधार पर ही राम एवं रावण के महासमर में राम विजय की पटकथा लिखी गयी थी। शास्त्र कहते हैं कि स्वयं भगवान श्रीराम ने उन्हें अमरत्व का वरदान दिया था। यदि उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को गढ़ने वाला प्रमुख सूत्रधार कहें तो जरा भी अतिश्योक्ति नहीं होगी।

## संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता : अमर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ कुरुक्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला प्रधान अमर सिंह की अगुवाई में गुरु रविदास मंदिर कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य संरक्षक रमेश थाना ने संगठन को मजबूत करने के लिए विशेष रणनीति पर चर्चा की और सभी साथियों से संगठन को मजबूत करने के लिए विचार लिए गए। जिला प्रधान ने कहा कि सीआरसी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है और संगठन इसके लिए आगामी 2 महीने तक विशेष रूप से कार्य करेगा।

जिसमें सबसे पहले खंड स्तर पर सभी कर्मचारियों का संपूर्ण डाटा कलेक्ट किया जाएगा और सभी को संगठन से जोड़ने की मुहिम चलाई जाएगी। जिला महासचिव रामेश्वर ने कहा कि हमें हर स्कूल में हर कर्मचारी तक अपनी पहुंच को बढ़ाना होगा और कुछ भी संगठन के विशेष मुद्दों पर संगठित होकर काम करना होगा। जिला महासचिव ने डाटा कलेक्ट करने के लिए खंड स्तर पर जिला कार्यकारिणी सदस्यों की जिम्मेदारी निर्धारित की और यह सुनिश्चित किया गया कि हर महीने की अंतिम शनिवार को जिला कार्यकारिणी की बैठक जरूर होगी।

## यह लड़ाई देश और लोकतंत्र को बचाने की : गोपाल राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



आम आदमी पार्टी के दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता के समर्थन में कुरुक्षेत्र पहुंचे और पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता की।

इस दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा, प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सैनी, कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, चित्रा सरवारा, सुमित हिंदुस्तानी, जिला अध्यक्ष विशाल खुब्बड़ भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का पहला चरण समाप्त हो चुका है। पहले शरण के चुनाव मतदान में जिस तरह से मतदान प्रतिशत में कमी आई है, जो इस बात का प्रमाण दे रही हैं कि मोदी सरकार के पिछले 10 साल में देश के लोगों को दो चीजें दी हैं, एक निराशा और दूसरा लोगों में डर दिया है। उसकी बौखलाहट प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे और अब उनके भाषण में भी दिखने लगी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों की आए डबल करने का वादा किया था।



## जिले की सड़कों के अवैध कटों को तुरंत प्रभाव से बंद करवाएं : वैशाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- एडीसी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली शर्मा ने कहा कि जिले में जहां भी अवैध कट है, उन अवैध कटों को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए ताकि दुर्घटनाओं में कमी आ सके। इसके अलावा उन्होंने संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाने के भी निर्देश दिए। यह कमेटी चैक करेगी कि उनके क्षेत्रों में कहां-कहां अवैध कट है और किन-किन जगहों पर ज्यादा दुर्घटनाएं हो रही है।

यह रिपोर्ट आगामी बैठक में सभी एसडीएम प्रस्तुत करेंगे ताकि रिपोर्ट पर कार्रवाई की जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली शर्मा मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में आरटीए विभाग द्वारा आयोजित जिला सडक सुरक्षा समिति व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी तथा ब्लैक स्पॉट के संदर्भ में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले आरटीए सचिव राजीव प्रसाद ने सडक सुरक्षा समिति के विशेष एजेंडो की रिपोर्ट को हाउस के समक्ष रखा और आगामी एजेंडो पर चर्चा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली शर्मा ने अधिकारियों को कहा कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस व आरटीए विभाग के साथ मासिक बैठक करें और उनके क्षेत्रों में जितने भी स्कूल है, उन स्कूलों की बसों को चैक करें कि वे नियमानुसार चल रही है या नहीं, अगर वो नियमानुसार नहीं चल रही है तो उनको इम्पाउंड करें तथा उनके चालान करें। एडीसी ने अधिकारियों को कहा कि बैठक से पहले तय समय सीमा के अंदर अपनी-अपनी रिपोर्ट से संबंधित एटीआर, फोटो व संपूर्ण जानकारी भेजें।

पिपली चौक से चंड़ीगढ़ जाने वाली सर्विस लेन के बारे में एक्सईन ने बताया कि इसका अस्टीमेट बन गया है और अप्रूवल के लिए मुख्यालय भेज दिया गया है। इस मौके पर एसडीएम सुरेंद्र पाल, एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम नसीब कुमार, एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, नगराधीश रमन गुप्ता, डीएसपी ओमप्रकाश, एमवीओ सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने संस्थान को दी बधाई

# केयू पंचवर्षीय विधि संस्थान ने प्रतियोगिता में जीते पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंचवर्षीय विधि संस्थान ने एमिटी विश्वविद्यालय पंजाब के एमिटी लॉ स्कूल द्वारा आयोजित प्रथम एमिलेक्स राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2024 में कईं पुरस्कार जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की है।

इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विजेता प्रतिभागियों व विधि संस्थान को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की कड़ी मेहनत एवं परिश्रम का फल है। संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला चौहान ने बताया कि 20-21 अप्रैल को एमिटी विश्वविद्यालय पंजाब में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों की 18 टीमों ने भाग लिया। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए बताया कि केयू विधि संस्थान की छात्रा कनुप्रिया, रितिका तथा प्रभलीन कौर ने प्रतिभागिता करते हुए अंतिम चरण में प्रवेश कर शानदार रनर-अप टीम का पुरस्कार जीतकर नाम रोशन किया।

- **20-21 अप्रैल को एमिटी विश्वविद्यालय पंजाब में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों की 18 टीमों ने भाग लिया**
- **छात्र अविक, माधव तथा अक्षय की टीम ने शानदार तर्क-वितर्क कौशल को दशार्या और माधव को द्वितीय सर्वोत्तम मूटर का पुरस्कार हासिल किया**

### प्रशस्ति पत्र प्रदान किए

वहीं संस्थान के छात्र अविक, माधव तथा अक्षय की टीम ने शानदार तर्क-वितर्क कौशल को दशार्या और माधव को द्वितीय सर्वोत्तम मूटर का पुरस्कार हासिल किया। मूट कोर्ट की संयोजिका डॉ. शालू अग्रवाल ने बताया कि विजेता छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, मेडल, नकद पुरस्कार राशि तथा प्रशस्ति प्रदान किए गए। इस अवसर पर सह-संयोजक डॉ. नीरज बातिश, आदित्य लूदरी तथा दिव्यम भाटिया मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### हनुमान के जन्मोत्सव पर हुआ कीर्तन

**अंबाला।** देवलोक ट्रस्ट द्वारा संचालित बराड़ा-दोसडका रोड पर स्थित हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान के जन्मोत्सव के उपलक्ष में कीर्तन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। साथ ही कीर्तन में शामिल होकर दैवीय भजनों का आनंद लिया। सभी ने मिलकर समाज में अमन शांति बनी रहने के लिए प्रार्थना की।

### ड्यूटी अधिकारियों को दिए निर्देश

**नारायणगढ़।** एआरओ-3 एवं एसडीएम यश जालुका ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को लेकर अधिकारियों/कर्मचारियों की विभिन्न टीमें बनाई गई हैं और उन्हें उनके कार्य की जानकारी भी दी जा रही हैं। इससे कि वे चुनाव को सही प्रकार से संपन्न करवा सकें। एआरओ की ओर से सैक्टर ऑफिसरों, सुपरवाईजरों को निर्देश भी दिए गए।

### अंबाला:मतदान के लिए जागरुक करें नंबरदार

**अंबाला।** एआरओ एवं एसडीएम यश जालुका ने कहा कि नंबरदार ग्रामीण क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण पद है। नंबरदार की बात पर ग्रामीण विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि नंबरदार अपने-अपने गांवों में लोगों को मतदान के बारे में जागरूक करें। मतदाताओं से अनुरोध करें कि वे 25 मई को मतदान के दिन अपना वोट डालने अवश्य जाएं।

## गर्मी शुरू होते ही पेयजल की डिमांड बढ़ी

# पीने का पानी बर्बाद करने वाले 6100 लोगों को थमाए नोटिस

**जनस्वास्थ्य विभाग ने पानी बर्बाद करने वालों का सर्वे किया शुरू, अधिकारी बोले नोटिस के बाद होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। व्यर्थ बहते पानी का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से अब पीने के पानी को बर्बाद करने वाले लोगों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ट्विन सिटी में अब तक ऐसे 6100 लोगों को नोटिस दिए गए हैं। ये लोग पीने के पानी का गलत इस्तेमाल कर रहे थे। विभाग की ओर से सर्वे करवाकर ऐसे घर, दुकान, संस्थानों और अन्य जगहों का पता लगाया जा रहा है जहां पर पीने के पानी का या तो गलत इस्तेमाल हो रहा है या फिर पानी की बेवजह बर्बादी हो रही है। रिपोर्ट के शुरूआती चरण में विभाग को चौंकाने वाली जानकारियां ये मिल रही हैं कि पीने के पानी का गलत इस्तेमाल और बर्बादी केवल छोटी-छोटी लापरवाही की वजह से हो रही है।विभाग की सर्वे टीम घर-घर, दुकान-दुकान जाकर लोगों को पीने के पानी का सही उपयोग करने के बारे में जागरूक कर रही है। साथ ही जहां कहीं भी पानी की बर्बादी जिस वजह से हो रही उसमें सुधार करवा रही है। विभागीय अधिकारियों ने अब साफ तौर पर आदेश दिए हैं कि यदि अब कोई भी व्यक्ति पीने के पानी का गलत इस्तेमाल करता है या फिर बर्बादी करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग की शुरूआती सर्वे रिपोर्ट में पाया गया है कि बड़ी संख्या में ऐसे घर हैं जहां पानी के लिए नल नहीं लगे हैं। बेकार में पानी खुलेआम में यूं ही बर्बाद बह रहा है। दूसरा सर्विस स्टेशन। काफी संख्या में ऐसे सर्विस स्टेशन हैं जो पीने के पानी का इस्तेमाल वाहनों की धुलाई में इस्तेमाल कर रह रहे हैं। इन्हें विभाग की तरफ से चन्हिति किया जा रहा है और चेतावनी देकर पीने के पानी के इस्तेमाल करने के लिए आगाह किया गया है। मार्केट में भी कई प्वाइंट्स ऐसे हैं जहां पर दुकानदारों की ओर से पीने का पानी उपयोग में लिया जाता है लेकिन यहां लीकेज आदि को रोकने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जाता। पानी के जरिए अपने घर के आसपास खाली पड़ी जगहों पर कई लोग सब्जी हरे चारे की पैदावार करने में भी लगे हैं। ये गलत है।

### बर्बादी रोकने के लिए कार्रवाई जारी

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीई जितेंद्र सिंह ने बताया कि गर्मियां शुरू होते ही पीने के पानी की डिमांड भी बढ़ गई है। हर व्यक्ति को रोज जरुरत के लिए 130 पानी की जरुरत होती है। उन्होंने बताया कि अंबाला शहर व छावनी में पानी के 87 हजार कनेक्शन हैं। उन्होंने बताया कि शहर में पानी को बर्बाद करने वाले 2500 लोगों को नोटिस दिए गए हैं जबकि अंबाला छावनी में ऐसे 3600 लोगों को नोटिस दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जरुरत के लिए अंबाला छावनी में 60एमएलडी व शहर में 54 एमएलडी पानी की सप्लाई हो रही है। दोनों जगह पीने के पानी की बर्बादी रोकने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध कनेक्शन करवाए जा रहे बंद

पीने के पानी का गलत इस्तेमाल अवैध कनेक्शनों के जरिए भी हो रहा है। विभाग की सर्वे टीम ऐसे कनेक्शनों की पहचान करके उन्हें बंद करवा रही है। यदि कोई व्यक्ति अपनी जम्मिेदारी पर कनेक्शन को चालू रखना चाहता है तो उसके नाम पर उस कनेक्शन को वैध किया जा रहा है। सर्वे टीम की ओर से हर घर, हर दुकान संस्थान का सर्वे किया जा रहा है। जहां कहीं भी लीकेज है ठीक करवाया जा रहा है, अवैध कनेक्शन बंद करवाए जा रहे हैं, पानी की बर्बादी या गलत प्रयोग करने वालों को चन्हिति किया गया है। इन्हें चेतावनी दी गई है। यदि भवष्यि में पानी का गलत प्रयोग या बर्बादी कोई करेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


मुलाना। गोशाला में गायों की सेवा करते मयंक राणा।

# तलवारबाजी प्रतियोगिता में मयंक का शानदार प्रदर्शन

- गांव खुड्डा पहुंचने पर लोगों ने किया स्वागत, जीत पर गोमाता की सेवा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

बड़ा खुड्डा गांव के रहने वाले युवा मयंक राणा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में तलवार बाजी में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। तलवारबाजी में वश्वि स्तरीय चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करते हुए उन की इस कामयाबी पर उनके घर पर व गांव में भी खुशी का माहौल है।

बेहतर प्रदर्शन कर गांव लौटने के बाद मयंक राणा कालपी(साहा) स्थित गौशाला में पहुंचे। इस दौरान गौशाला के सेवादार रमेश भी वहां मौजूद रहे। बता दें कि खुड्डा कलां गांव के रहने वाले 16 वर्षीय मयंक राणा ने वश्वि तलवारबाजी की कैडेट प्रतियोगिता में हस्सिा लिया। यह प्रतियोगिता सउदी अरब के रियाद में आयोजित हुई थी। प्रतियोगिता में भाग लेकर जब मयंक राणा लौटे तो पहले दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। मयंक के पिता कुलदीप राणा ने बताया कि इससे पहले वह जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में कई मेडल जीत चुका है। बीते वर्ष दिसंबर माह में गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर तलवारबाजी प्रतियोगिता में पांचवीं रैंक हासिल की थी। इससे पहले वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में तीन कांस्य पदक भी जीत चुका है। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी मयंक ने स्वर्ण पदक जीते हैं। मयंक 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले राणा आगे की प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी करने में जुटा हुआ है।

# पंचमुखी हनुमान के भजनों पर जमकर झूमे हजारों श्रद्धालु

- श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रामायण के पाठ का डाला गया विधिवत भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


बराड़ा। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

उपमंडल के गांव अधोया में स्थित दक्षिणमुखी श्री पंचमुखी हनुमान व खाटूश्याम मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रखे गए श्री रामायण जी के पाठ का विधिवत भोग डाला गया। महिलाओं द्वारा गाए गए हनुमान के भजन कीर्तन द्वारा माहोल भक्तिमय हो गया तत्पश्चात रामायण जी की आरती की गई। हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तत्पश्चात हनुमान का भोग लगाया गया व अटूट भंडारे का वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर संदीप गोयल, अनुकूल गर्ग, घनश्याम शर्मा, मुकेश गर्ग, रवद्रिं शर्मा, गुलाब सिंह, दिवांशु बंसल, श्याम राणा, रणदीप सिंह पिंकू, सुदेश कुमार, सुदर्शन पंडित, जतिन, विकास, विवेक व मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक में संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरुरी

- राजकीय आईटीआई भारांपुर में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर


शहजादपुर। आईटीआई में पौधरोपण करते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी।

राजकीय औद्योगिक आईटीआई भारांपुर में पौधा-रोपण किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के संरक्षक प्रवीण भारद्वाज व पर्यावरण प्रमुख बलदेव शर्मा संस्थान में भन्नि प्रकार के पौधों का रोपण कर संस्थान के प्रशक्षिणार्थियों को संदेश दिया कि अपने आस-पास पडोस में हर वर्ष एक पौधा अवश्य लगाएं। भारद्वाज ने संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं व स्टॉफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ हमारे लिए जीवन समर्थन प्रणाली की तरह हैं जो हमें हर दिन उपयोग की जाने वाली कई चीजें प्रदान करते हैं जैसे- रबर, लकड़ी, कागज और हमारे द्वारा खाया जाने वाला भोजन। इसी कड़ी में पर्यावरण प्रमुख बलदेव शर्मा ने कहा कि अपने पर्यावरण को विविध और स्वस्थ बनाए रखने के लिए अधिक पेड़ लगाकर मदद करना हमारा काम है। किसी क्षेत्र में अधिक हरियाली और पौधे जोडऩे के लिए पेड़ लगाना महत्वपूर्ण है। संस्थान प्रभारी विनोद सिंह शेखावत ने इस अवसर पर संस्थान में आम्रपाली आम के पौधे का रोपण किया। उन्होंने संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति में संतुलन तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। फल-फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है और पेड़-पौधे हमें जीवन दायनी आक्सीजन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे लगाकर हम अपने पृथ्वी ग्रह को ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के बुरे प्रभावों से बचा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पर्यावरण संरक्षण सतत जीवन जीने और पर्यावरण को व्यक्तियों के लिए अधिक सुरक्षित बनाने में मदद करता है। पर्यावरण संरक्षण से वायु, जल और भूमि प्रदूषण कम होता है। जैव विविधता की सुरक्षा सुनश्चिति करने के लिए पर्यावरण संरक्षण का बहुत महत्व है। उन्होंने संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह हर साल अपने जन्म दिन, अपने माता-पिता की सालगिराह, शादी के अवसर पर वर-वधू से व अन्य विशेष दिवसों पर एक पौधा जरूर लगाएं व उसकी देख-भाल भी जरूर करें। इस अवसर पर संस्थान में कार्यरत अशोक कुमार, महेशचन्द्र, राकेश कुमार, शैली, मीनाक्षी बाली, सीमा रानी, कर्मजीत, अजीत, रोहित, रमेश कुमार, अभिलाश ने भी पौधारोपण किया।


मुलाना। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

# अपनी कमियों-क्षमताओं पर विचार करें विद्यार्थी

- महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

महाराणा प्रताप नेशनल महावद्यिा कैरियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत करियर के प्रमुख लक्ष्य विषय पर वस्तृित व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर अरुण कांत पनोली ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने उपरोक्त विषय पर वद्यिार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने वद्यिार्थियों को कहा कि अपने लक्ष्य को निश्चिशत करने से पहले अपने उद्देश्यों को तय करें, उसके बाद अपनी कमियां और क्षमताओं के बारे में विचार करें। मेहनत के साथ आगे बढ़े।

उन्होंने कैरियर विकल्पों की पहचान करने के लिए आवश्यक ज्ञान, सूचना वद्यिार्थियों को प्रदान की। सहायक प्राध्यापक डॉ. राजीव कुमार ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ राजश्री खरे ने अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि शक्षिा का मुख्य उद्देश्य स्वरोजगार और नौकरी के अवसरों पर जागरूकता प्रदान करना है। सेल के सदस्य डॉ. विजय चौहान व डॉ. आशुतोष ने अपना योगदान देकर कार्यक्रम की सफलता सुनश्चिति की।

# बुजुर्ग की हत्या की गुत्थी सुलझाई प्रवासी मजदूर को किया गिरफ्तार

- मामूली विवाद को लेकर अंजाम दी थी वारदात, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले

हरिभूमि न्यूज. अंबाला


अंबाला। हत्या के आरोप में पकड़ा प्रवासी मजदूर।

कुलदीप नगर के पास एक बुजुर्ग की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने इस सिलसिले में एक व्यक्ति को काबू किया है। शुरूआती जांच में ही आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल कर ली है। अब पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा ने बताया कि थाना पडाव क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने बिहार के गांव खुगियाल टोला के सुभाष कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में कुलदीप नगर के पास प्लाट नंबर छह में काम करने वाले सौरभ सिंह ने 22 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके ताऊ की तेजधार हथियार से हत्या कर दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान ही पुलिस को पता चला कि यह वारदात सुभाष ने अंजाम दी है। सुभाष भी बिहार का ही रहने वाला है। दोनों साथ काम करते थे। मामूली विवाद को लेकर ही आरोपी सुभाष ने बुजुर्ग की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया।

# कैंसर मरीज के नाम पर ५२ लाख का लोन हड़पा

- मरीज की मौत के बाद लिया लोन, गारंटर के हस्ताक्षर भी किए फर्जी
- किस्त नहीं चुकाने पर मिला नोटिस,फूटा फर्जीवाड़े का भंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




फर्जी गारंटर बना कैंसर पीड़ित के नाम से मशीनरी के नाम पर लगभग 52 लाख रुपये का लोन लेकर हड़पने का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि लोन भी कैंसर पीड़ित की व्यक्ति की मौत के बाद उसके फर्जी हस्ताक्षर किए गए। फर्जीवाड़े के खेल में बैंक कर्मी भी शामिल रहे। मामले का खुलासा होने के बाद शहर थाना पुलिस ने चार लोगों को नामजद कर कुछ बैंक कर्मियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

शीतलपुरी कालोनी निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सिविल ठेकेदार है। उसका बड़ा भाई स्व. राजेश गांव देवरड़ में शादीशुदा है। मई 2023 मे उसके भाई का साला शत्रुघन तथा रामेहर व एक अन्य व्यक्ति के साथ घर पर आया था। मशीन लोन के लिए उसके गारंटर के लिए दस्तावेज ले लिए। उन्हें बैंक कर्मी को साथ लेकर आने के बात कही थी। दोबारा वे लोग नही आए। नौ अक्टूबर 2023 को उसके फोन पर केस होने का संदेश आया। जिसमें उसे गारंटर के तौर पार्टी बनाया गया। जब उसने रामेहर से पूछा तो उसने बताया कि लोन उसके कैंसर पीड़ित भाई रमेश के नाम पर लिया गया था। जब उसने बिना हस्ताक्षर के गारंटर बनाने के बारे में पूछा तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नही दिया। जिस पर उसने आइडीएफसी बैंक रोहतक जाकर पूछताछ की तो बताया गया कि लोन सुरेंद्र व रामेहर की मार्फत हुआ है। कागजातों को बैंककर्मी प्रवीण तथा बैंक मैनेजर ने तैयार किया है। जब उसने दस्तावेजों को निकलवाया तो आवेदन तथा एग्रीमेंट पर उसके गारंटर के तौर पर फर्जी हस्ताक्षर थे। जिस कैंसर पीड़ित रमेश के नाम पर लोन लिया गया था उसकी मौत 21 मई 2023 को हो गई थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## कांग्रेस पर पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का तंज

# अंबाला में मिलते हैं किराए पर बाराती, शायद वहां मिल जाए प्रत्याशी

- छावनी में भाजपा की उम्मीदवार बंतो कटारिया को भारी मतों से विजयी करने के लिए शुरू किया डोर-टू-डोर प्रचार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। दुकानदारों से वोट की अपील करते पूर्व मंत्री विज व बंतो कटारिया।

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं करने पर तंज कसते हुए कहा कि अंबाला कैंट में एक दुकान में किराए पर बाराती मिलते हैं। अगर वो प्रत्याशी देते है तो कांग्रेस उनसे प्रत्याशी किराए पर ले सकती है। कांग्रेस की लोकसभा चुनावों को लेकर एक फेक लिस्ट वायरल होने पर विज ने कहा की फेक पार्टी की फेक लिस्ट जारी होना कोई बड़ी बात नहीं है। विज मंगलवार को अंबाला छावनी में भाजपा की उम्मीदवार बंतो कटारिया के लिए शुरू किए गए डोर-टू-डोर प्रचार अभियान के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि देश भर में लोकसभा चुनाव का डंका बज चुका है। भाजपा चुनाव प्रचार में ताबडतोड़ कार्यक्रम कर रही है तो वहीं कांग्रेस ने अभी तक प्रदेश में अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। विज ने कांग्रेसियों पर तंज कसा और सलाह देते हुए कहा कि कांग्रेस में कोई लोक सभा के उम्मीदवार नहीं हैं। उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया के साथ दुकान-दुकान, घर-घर जाकर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रचार जोरों पर है। हम घर-घर और दुकान-दुकान जाकर मतदाताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पैगाम दे रहे हैं। मोदी ने देश के लिए जो किया है वो किसी ने नहीं किया होगा। पूर्व मंत्री अनिल विज ने भाजपा अंबाला लोक सभा प्रत्याशी बंतो कटारिया के साथ दुकान दुकान, घर घर जाकर चुनाव प्रचार किया व वोट मांगे। चुनाव प्रचार निकलसन रोड स्थित पार्टी कार्यालय से प्रारंभ होकर सदर बाजार, डीसी रोड, विजय रतन चौक, राय मार्केट एवं अन्य बाजारों से होता हुआ वापस पार्टी कार्यालय परं संपन्न हुआ। बाजारों में दुकानदारों व बाजार एसोसिएशनों द्वारा जगह-जगह फूल-मालाओं के अलावा फूलों की बरखा करते हुए स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा चुनाव समिति के अध्यक्ष ललित चौधरी के अलावा भाजपा नेता जसबीर जस्सी, विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, श्याम सुंदर अरोड़ा, फकीरचंद सैनी, राम बाबू यादव, नरेंद्र राणा, ललता प्रसाद, सुदर्शन सिंह सहगल, अजय बवेजा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला मोर्चा एवं कार्यकर्ता मौजूद रही।